## करोड़ों का फंड डकारने वालों की नहीं तय होती जवाबदेही

# बाघों का कब्रिस्तान बना शहडोल

शहडोल।

मध्य प्रदेश को टाइगर स्टेट का तमगा दिलाने वाले इन बेजुबान राजाओं की किस्मत में अब जंगल की आजादी नहीं, बल्कि करंट की तड़प और शिकारियों की क्रूरता लिखी है। जयसिंहनगर के ग्राम करपा बनचाचर बीट में जो हुआ, उसने वन्यजीव संरक्षण के दावों की सरेआम धज्जियां उड़ा दी है। एक नर बाघ और एक मादा बाघिन की लाशें खेत में बिछे बिजली के तारों पर झूलती मिलीं। यह केवल हादसा नहीं, बल्कि सरकारी सिस्टम की सडन और मैदानी अमले की अपराधी जैसी चुप्पी का नतीजा है। हालांकि राज्य सरकार ने सीसीएफ से जवाब तलब किया है। मामले में लापरवाह वन अफसरों पर कार्रवाई के लिए कहा है। चीफ वाइल्डलाइफ शुभ रंजन सेन ने इस मामले में जांच रिपोर्ट मांगे जाने की पुष्टि की है। दूसरी ओर यह भी कहा जा रहा है कि 2026 में 33 दिनों में 11 बाघों की मौत हो चुकी है।





### लाशें मिलते ही शुरू हुआ स्क्रिप्ट का खेल

हमेशा की तरह, जैसे ही बाघों की मौत हुई, वन विभाग का वही घिसा-पिटा हैंडबुक बाहर आ गया। कभी इसे वर्चस्व की लड़ाई बताया जाता है, तो कभी जानवर का संघर्ष। करपा की घटना में बाघिन के नाखूनों का गायब होना कह रहा है कि यह संगठित तस्करी का मामला है। डॉग स्क्वाड की घुमघाम और पोस्टमार्टम की कागजी खानापूर्ति के बीच असली सवाल दबकर रह गए हैं। आखिर 10 दिनों तक गायब रहने वाली लाशों की गंध बीट गार्ड और रेंजर के नथुनों तक क्यों नहीं पहुंची।

### एक बाघ पर साल भर में करोड़ों का खर्च

जनता के टैक्स का पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है। सरकारी आंकड़ों और बजट प्रावधानों की मानें तो एक बाघ के संरक्षण, गश्त, मॉनिटरिंग और सुरक्षा चक्र पर साल भर में औसतन 50 लाख से 1 करोड़ रुपये तक का खर्च आता है। इसमें शामिल हैं, बीट गार्ड, रेंजर और एसडीओ की भारी-भरकम तनख्वाह और भत्ते। कैमरा ट्रैप, वायरलेस सेट और गश्त के लिए गाड़ियों का डीजल। मुखबिर तंत्र को मजबूत करने के लिए आवंटित गुप्त फंड। हैरानी की बात है कि हर महीने लाखों रुपये वेतन लेने वाले इन रक्षकों की नाक के नीचे शिकारी तार बिछा देते हैं, बाघिन के नाखून उखाड़ ले जाते हैं और जिम्मेदारों को खबर तब लगती है जब लाश सडने लगती है।

### गद्दी पर बैठे साहबों पर गाज कब गिरेगी

नियमतः यदि किसी बीट में शिकार या करंट से बाघ की मौत होती है, तो बीट गार्ड, रेंजर और संबंधित एसडीओ पर तत्काल निलंबन और विभागीय जांच की कार्रवाई होनी चाहिए। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत ड्यूटी में लापरवाही भी एक गंभीर अपराध है, लेकिन शहडोल में परंपरा उलटी है, यहां बाघ मरता है, फाइल बनती है और कुछ दिनों बाद सब ठंडे बस्ते में चला जाता है। महज तीन दिन पहले बगल के इलाके में घायल बाघ मिला था, तो क्या पूरे क्षेत्र में रेड अलर्ट जारी नहीं होना चाहिए था। राजस्व भूमि में अवैध रूप से बिजली के नंगे तार बिछे थे, तो वन अमले ने गश्त के दौरान इसे क्यों नहीं पकड़ा। बाघिन के नाखून गायब होना क्या यह साबित नहीं करता कि क्षेत्र में शिकारी सक्रिय हैं और विभाग सो रहा है।

### सिस्टम की वर्चस्व की लड़ाई में मर रहे बाघ

अक्सर विभाग यह कहकर पल्ला झाड़ लेता है कि बाघ टेरिटोरियल फाइट में मरे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि असली वर्चस्व की लड़ाई विभाग के भीतर चल रही है, कौन कितना फंड डकारेगा और कौन कितनी कम मेहनत करेगा। जब तक लापरवाह अधिकारियों की संपत्ति की जांच नहीं होगी और उन्हें जेल की सलाखों के पीछे नहीं भेजा जाएगा, तब तक शहडोल के जंगलों में बाघों का खून ऐसे ही बहता रहेगा। जयसिंहनगर की यह घटना इंसान और जंगल के टकराव की नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और लापरवाही के गठजोड़ की भयावह तस्वीर है। अगर अब भी बड़े अधिकारियों पर गाज नहीं गिरी, तो समझ लीजिए कि टाइगर स्टेट का ये गौरवशाली इतिहास बहुत जल्द केवल किताबों में दर्ज रह जाएगा।

### इनका कहना है...

वन परिक्षेत्र जयसिंहनगर के बनचाचर बीट अंतर्गत राजस्व भूमि ग्राम करपा में एक के बाद एक नर बाघ और एक मादा बाघिन मृत अवस्था में मिले है, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और मौजूदगी में वैधानिक कार्यवाही की है।

**तरुणा वर्मा**
उत्तर वन मंडलाधिकारी, शहडोल

---

**खबर संक्षेप**

### जंगल में फंदे पर झूलती मिली नवविवाहिता की लाश

**शहडोल।** जिले के खैरहा थाना क्षेत्र के ग्राम हरदी में उस वक्त हडक़ंप मच गया, जब 10 दिनों से लापता एक नवविवाहिता का शव सड़ी-गली हालत में जंगल के भीतर पेड़ से लटका मिला। 23 वर्षीय सुमनलता बैगा की मौत ने न केवल पुलिस की गश्त पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं, बल्कि क्षेत्र में दहशत और संदेह का माहौल बना दिया है। शव इतना पुराना हो चुका था कि उसकी पहचान तक मुश्किल थी, लेकिन कपड़ों ने मौत की इस खौफनाक हकीकत से पर्दा उठा दिया।

मृतका सुमनलता बीती 23 जनवरी से गायब थी। परिजनों ने खैरहा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस जांच का राग अलापती रही। सोमवार को जब एक चरवाहे ने पिपरहा के घने जंगल में लाश देखी, तब जाकर पुलिस की नींद टूटी। सवाल यह उठता है कि क्या पुलिस ने गुमशुदगी के बाद जंगल के उन इलाकों को खंगाला? आखिर क्यों 10 दिनों तक पुलिस को सुराग नहीं मिला। घटनास्थल के हालात कई अनसुलझे सवाल छोड़ गए हैं। एक नवविवाहिता अचानक घर छोडक़र जंगल में फांसी क्यों लगाएगी, क्या यह आत्महत्या है या फिर इसके पीछे कोई गहरी साजिश छिपी है, थाना प्रभारी उमाशंकर चतुर्वेदी ने फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, लेकिन मौत के असल कारणों पर अभी भी रहस्य का पर्दा पड़ा है। पुलिस भले ही इसे प्रथम दृष्टया आत्महत्या मान रही हो, लेकिन नवविवाहिता की मौत के मामलों में फांसी अक्सर गहरे राज छिपाए होती है। खैरहा पुलिस का कहना है कि वे हर पहलू की बारीकी से जांच कर रहे हैं। परिजनों के बयानों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही साफ हो पाएगा कि सुमनलता ने खुद मौत को गले लगाया या उसे मौत के घाट उतारकर फंदे पर लटका दिया गया।

---

# कार्यों में रूचि न लेने वाले ठेकेदारों को जारी करें नोटिस, कार्यों में लाए प्रगतिः कमिश्नर

**शहडोल।** संभाग में कछुआ गति से चल रहे विकास कार्यों पर कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने अब कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। अमरकंटक सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने नगरीय प्रशासन के अधिकारियों और लापरवाह ठेकेदारों को दो टूक चेतावनी दी कि जनता के विकास में बहानेबाजी बर्दाश्त नहीं होगी। कमिश्नर ने संभाग के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पेंडिंग फाइलों को धरातल पर उतारें। उन्होंने दो टूक कहा कि जिन ठेकेदारों ने काम लटका रखा है, उन्हें तुरंत नोटिस थमाएं और अगर फिर भी सुधार न दिखे, तो ब्लैकलिस्ट करने जैसी कड़ी कार्रवाई से पीछे न हटें।



### अमृत 2.0 पर अल्टीमेटम

कमिश्नर का सबसे तीखा प्रहार अमृत-2.0 योजना की धीमी प्रगति पर रहा। उन्होंने साफ कर दिया कि पार्क सिर्फ नाम के न हों, उन्हें स्वच्छ और सुंदर बनाएं। पानी की टंकियों के निर्माण में गुणवत्ता से समझौता करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जहां काम शुरू नहीं हुआ है, वहां तकनीकी बाधाएं दूर करें। काम में शिथिलता बरतने वाली एजेंसियों पर भारी जुर्माना (पेनल्टी) ठोकने के आदेश दिए गए हैं। कमिश्नर ने सख्त लहजे में कहा कि एक ओर काम समय पर पूरा हो, तो दूसरी ओर पूर्ण हो चुके कार्यों का भुगतान भी न अटकाया जाए। यह बैठक केवल चर्चा नहीं, बल्कि उन अफसरों के लिए आखिरी चेतावनी है जो अब तक सुस्त मोड में काम कर रहे थे।

---

# सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पर भड़के सीईओ

**खानापूर्ति नहीं, समाधान चाहिए, लापरवाहों पर कसेगा शिकंजा**



**शहडोल।** सरकारी सिस्टम की सुस्ती और शिकायतों को फाइलों में दबाने की आदत पर जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति ने कड़ा प्रहार किया है। विराट सभागार में आयोजित समय-सीमा की बैठक में उन्होंने साफ लहजे में चेतावनी दी कि सीएम हेल्पलाइन जनता की उम्मीद है, इसे मजाक न बनाएं। सीईओ ने 100 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों के अंबार पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने दो टूक कहा कि शिकायतों का निराकरण केवल कागजों पर औपचारिक नहीं होना चाहिए। अगर निराकरण की गुणवत्ता खराब पाई गई और शिकायतकर्ता असंतुष्ट रहा, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अधिकारियों को अल्टीमेटम

बैठक में सीईओ ने कार्यप्रणाली को धार देने के लिए कड़े निर्देश जारी किए, उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत बिना जवाब के नहीं रहनी चाहिए। मैदानी अमला अगर सुस्ती दिखा रहा है, तो उन पर जिम्मेदारी तय करें। एल-1 स्तर पर शिकायतों के सटीक और अनिवार्य जवाब दर्ज कराने की जिम्मेदारी जिला अधिकारियों की होगी। संकल्प से समाधान अभियान में ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। शिविरों में प्राप्त हर एक आवेदन का समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करना होगा। सीईओ श्री प्रजापति ने स्पष्ट कर दिया है कि जिन विभागों में शिकायतों का ग्राफ कम नहीं हो रहा, वहां के मुखिया खुद को बड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रखें।

---

**महाराज जोड़ी अब सलाखों के पीछे**

# सरिया से वार कर युवक को उतारा था मौत के घाट

**शहडोल।** जिले के पपौंध थाना क्षेत्र के तिखवा तिराहा पर हुई बर्बर मारपीट ने आखिरकार एक जान ले ली। लोहे की सरिया से सिर पर वार कर युवक की हत्या करने वाले दो रसूखदार आरोपियों को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया है। तड़प-तड़प कर हुई दिनेश पाल की मौत के बाद पुलिस ने आरोपियों पर हत्या की संगीन धारा 103(1) बीएनएस इजाफा करते हुए उन्हें जेल की काल कोठरी में भेज दिया है।

### 9 दिन चला जिंदगी और मौत का संघर्ष

वारदात 22 जनवरी की रात की है, जब आरोपी शशिकांत चतुर्वेदी उर्फ जुगनू महाराज और वदई महाराज ने गाली-गलौज करते हुए फरियादी अशोक पाल पर हमला बोला था। बीच-बचाव करने आए भाई दिनेश पाल के सिर पर आरोपियों ने लोहे की सरिया से प्राणघातक हमला किया। हमले की शिद्दत इतनी थी कि दिनेश मौके पर ही बेहोश हो गया। रीवा से लेकर जबलपुर के हेल्थ सिटी अस्पताल तक इलाज चला, लेकिन 31 जनवरी को उसने दम तोड़ दिया।

### महाराज का अहंकार मिट्टी में मिला

इलाज के दौरान मौत की खबर मिलते ही पपौंध पुलिस हरकत में आई। एसडीओपी ब्यौहारी मुकेश अबिद्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी बिजेन्द्र कुमार मिश्रा की टीम ने दबिश देकर दोनों मुख्य आरोपियों शशिकांत चतुर्वेदी और शिवकांत शर्मा (वदई महाराज) को गिरफ्तार कर लिया। जो महाराज सरेराह सरिया भांज रहे थे, पुलिस ने उन्हें माननीय न्यायालय में पेश कर उनकी सही जगह पहुंचा दिया है। पपौंध पुलिस का संदेश साफ है कि अपराधी चाहे कितना भी रसूखदार क्यों न हो, कानून के लंबे हाथों से बचना नामुमकिन है।

---

# सावधान शहडोल : 10 फरवरी से घर-घर दस्तक देगी टीम

**दवा सेवन से किया इनकार तो हाथीपांव का खतरा होगा बेकाबू**

**शहडोल।** जिले से हाथीपांव जैसे कलंक को जड़ से मिटाने के लिए प्रशासन ने अब आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है। विराट सभागार में आयोजित जिला टास्क फोर्स की बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति ने कड़े तेवर दिखाते हुए अधिकारियों को स्पष्ट आदेश दिए हैं कि 10 से 24 फरवरी तक चलने वाले इस महाभियान में एक भी शख्स दवा से वंचित न रहे। सीईओ ने सख्त लहजे में कहा कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता और गठित दल केवल दवा का वितरण न करें, बल्कि अपनी मौजूदगी में दवाओं का सेवन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि फाइलों में शत-प्रतिशत लक्ष्य दिखाने का खेल बंद कर धरातल पर काम करें। जिले में 1.96 लाख से अधिक लोगों को टारगेट पर लिया गया है, जिसके लिए 315 टीमों और 70 सुपरवाइजरों का डेथ स्क्वाड तैनात किया गया है।

### प्रशासन अलर्ट मोड पर

आंकड़े डराने वाले हैं, जिले में अब तक 31 फायलेरिया मरीज और 231 हाइड्रोसिल के मामले सामने आ चुके हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए जिला मलेरिया अधिकारी हनुमान प्रसाद नामदेव ने बताया कि सोहागपुर विकासखंड के 156 गांवों में घर-घर दस्तक दी जाएगी। स्कूलों, आंगनबाड़ियों और केंद्रों पर दवा पिलाने का धावा बोला जाएगा। छूटे हुए लोगों को पकडऩे के लिए अंतिम प्रहार होगा।



### सावधान! दवा नहीं खाई तो बढ़ेगी मुसीबत

प्रशासन ने जनता को आगाह किया है कि 2 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारों को छोडक़र हर किसी को दवा खाना अनिवार्य है। दवा खाने के बाद हल्का सिरदर्द या पेट दर्द होना दवा के असर का सबूत है, जिससे डरने के बजाय इसे बीमारी के अंत की शुरुआत मानना चाहिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रजापति ने कहा कि अगर अभियान के दौरान किसी भी स्तर पर मॉनिटरिंग में ढिलाई मिली, तो संबंधित सुपरवाइजर और स्वास्थ्य टीम के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी जो मिसाल बनेगी।

---

# मिनी ब्राजील की चमक देख गदगद हुए संयुक्त संचालक



**शहडोल।** शहडोल की मिट्टी से निकलकर विश्व पटल पर छाने वाले मिनी ब्राजील (विचारपुर) के हुनर को अब राजधानी से सीधी सराहना मिली है। संयुक्त संचालक खेल लोक शिक्षण भोपाल, आलोक खरे ने जिले के खेल मैदानों का सघन निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को परखा। विचारपुर के फुटबॉल खिलाडिय़ों की जर्मनी तक की उड़ान पर गर्व जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि खिलाडिय़ों की प्रतिभा को सुविधाओं की कमी नहीं खलनी चाहिए। डिग्री कॉलेज और बुढार-धनपुरी के मैदानों पर खेल गतिविधियों का जायजा लेते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि शहडोल के खिलाडिय़ों ने प्रदेश का मान बढ़ाया है, इसलिए अब मैदानों का स्तर भी अंतर्राष्ट्रीय मानकों का होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दो टूक कहा कि प्रतिभा को निखारने में कोई भी प्रशासनिक ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

---

# विश्वविद्यालय में पीएम-ऊषा योजना के तहत कृषि क्रांति

## किताबी ज्ञान छोड़ अब मैदान में उतरेंगे छात्र

शहडोल।

केवल डिग्री बांटने से बेरोजगारी दूर नहीं होगी, छात्रों को आत्मनिर्भर और उद्यमशील बनाना होगा। इसी कड़े संकल्प के साथ पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के कृषि संकाय ने प्रधानमंत्री ऊषा योजना के तहत एक सप्ताह के विशेष प्रशिक्षण का शंखनाद कर दिया है। नवलपुर परिसर में 02 फरवरी से शुरू हुआ यह कार्यक्रम शिक्षा को केवल किताबी पन्नों तक सीमित न रखकर उसे रोजगार और मिट्टी से जोडऩे का एक सीधा हमला है।



### आधुनिक तकनीक से बढ़ेगी आय

कुलगुरु प्रो. रामशंकर के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण का लहजा स्पष्ट है, कृषि अब केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक मुनाफे वाला बिजनेस है। कार्यक्रम के दौरान कुलगुरु ने दो टूक कहा कि कृषि भारत की आत्मा है और शिक्षा का असली लक्ष्य इसे रोजगार की रीढ़ बनाना है, उन्होंने साफ किया कि पीएम-ऊषा योजना महज कागजी खानापूर्ति नहीं, बल्कि छात्रों को सीधे बाजार और रोजगार से जोडऩे की एक सार्थक सर्जिकल स्ट्राइक है।

### इन हथियारों से लैस होंगे छात्र

5 दिनों तक चलने वाले इस कौशल महाकुंभ में विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को उन तकनीकों में माहिर किया जाएगा, जो सीधे कमाई का जरिया बनती हैं, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. प्रवीण शर्मा और कृषि संकायाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार पाण्डेय ने छात्रों को स्पष्ट संदेश दिया कि वे केवल नौकरी के पीछे भागने के बजाय खुद का उद्यम खड़ा करें। मुख्य वक्ता केवीके वैज्ञानिक दीपक चौहान ने वैज्ञानिक तकनीक को टिकाऊ विकास की एकमात्र चाबी बताया। नोडल अधिकारी डॉ. रचना दुबे ने अनुशासन का चाबुक चलाते हुए साफ कर दिया कि केवल 60 चुनिंदा छात्रों को ही यह मौका मिलेगा और 100 प्रतिशत उपस्थिति न होने पर प्रमाण-पत्र की उम्मीद न करें।

### उद्यमिता विकास केंद्र (सेडमैप) का साथ

प्रशिक्षण में जिला समन्वयक रवि कुमार वर्मा ने सेडमैप के माध्यम से योजना की बारीकियों को समझाया। दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस ऑफलाइन सेशन ने विश्वविद्यालय परिसर में एक नई ऊर्जा भर दी है। कार्यक्रम में शेफाली तिवारी, मोनिका विश्वकर्मा और डॉ. प्रिया सिंह सहित अन्य सहयोगियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में मोर्चा संभाला है। विश्वविद्यालय का यह कड़ा रुख और व्यावहारिक दृष्टिकोण शहडोल संभाग के युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। अब देखना यह है कि छात्र इस मौके को कितनी गंभीरता से भुनाते हैं।

---

# नशीले इंजेक्शनों के साथ दबोचा गया गैंग, 5 गिरफ्तार

शहडोल। युवाओं की रगों में जहर घोलने वाले सौदागरों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने आधी रात सर्जिकल स्ट्राइक की है। पुरानी बस्ती में दी गई दबिश के दौरान पुलिस ने नशीले इंजेक्शनों के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 5 आरोपियों (2 बाल अपचारी सहित) को दबोच लिया। इनके पास से 68 नग घातक नशीले इंजेक्शन और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

### पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सक्रिय हुई कोतवाली टीम ने दानिश खान और उसके साथियों के नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया। आरोपी ऋषभ रजक के पास से नशीले इंजेक्शनों का भारी जखीरा मिला, जिसका वह कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने आकाश माझी की बाइक भी जप्त की है, जिसका उपयोग नशे की सप्लाई के लिए किया जा रहा था।



### इन आरोपियों पर कसा शिकंजा

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मो. दानिश खान उम्र 23 वर्ष, आकाश माझी उम्र 30 वर्ष और उमेश पनिका उम्र 22 वर्ष शामिल हैं। गिरोह का एक मुख्य सदस्य जानू उर्फ प्रफुल्ल फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में हुई इस सफल कार्रवाई ने नशे के सौदागरों के नेटवर्क को हिला कर रख दिया है। पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि शहडोल की शांति भंग करने वाले और युवाओं को बर्बाद करने वाले माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा।

### सोते हुए फरियादी को पीटा, गल्ला लूटा,रसूखदारों का गुरूर पुलिस ने उतारा

शहडोल। रात के अंधेरे में गुंडागर्दी और लूटपाट करने वाले बदमाशों को अमलाई पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। बटुरा स्थित महाकाल धर्मकांटा में घुसकर मारपीट और नकदी लूटने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने साफ कर दिया है कि शहडोल में जंगलराज नहीं चलेगा। वारदात की शुरुआत तब हुई जब बिहार निवासी फरियादी बजरंगी राय ने धर्मकांटे के बाहर हो रहे शोर-शराबे को रोकने की कोशिश की। इसी बात पर आगबबूला होकर आरोपियों ने न केवल उसे बेरहमी से पीटा, बल्कि दफ्तर के काउंटर में रखे 4000 नकद भी लूट लिए। हमलावर इतने बेखौफ थे कि उन्होंने सीने और पीठ पर गंभीर चोटें पहुंचाईं और फरियादी को इस कदर डराया कि वह जान बचाने के लिए छिपने को मजबूर हो गया। महीनों की लुका-छिपी के बाद आखिरकार अमलाई पुलिस ने घेराबंदी कर प्रतीक सिंह बघेल फॉरेस्ट कॉलोनी, शहडोल और अतुल कुमार सिंह रीवा को धर दबोचा। थाना प्रभारी जे.पी.शर्मा के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई ने बदमाशों के नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की तैयारी कर ली है। पुलिस की यह कार्रवाई उन अपराधियों के लिए खुला अल्टीमेटम है जो शहडोल की शांति को अपनी जागीर समझते हैं।

---

### डीपीसी को सौंपा जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने प्रशासनिक कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अमरनाथ सिंह, जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र, को अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ जिला शिक्षा अधिकारी जिला का प्रभार आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से सौंपा है।

**NOTICE**

I, Abhishek Tiwari, resident of Subhash Nagar, Shahdol (M.P.), have lost my Transfer Certificate (TC). The document belongs to PM SHRI Kendriya Vidyalaya, Shahdol, Class 12th (B), Session 2024–25. Despite careful search, it could not be found. If anyone finds it, please contact 8462051111

## खबर संक्षेप

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स हेतु सेलेक्शन ट्रायल का होगा आयोजन

अनूपपुर। प्रथम खेलो इन्डिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन छत्तीसगढ़ में 14 फरवरी को होगा। जिसके अंतर्गत ऑर्चरी महिला/पुरुष उम्र 17 वर्ष, एथलेटिक्स महिला/पुरुष 16 वर्ष, फुटबाल महिला/पुरुष 16 वर्ष, हॉकी महिला/पुरुष 16 वर्ष, स्वीमिंग महिला/पुरुष 14 वर्ष, वेटलिफ्टिंग महिला/पुरुष 13 वर्ष, कुस्ती महिला/पुरुष 18 वर्ष खेल हेतु सेलेक्शन ट्रायल विभिन्न तिथियों में आयोजित किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अनूपपुर ने बताया है कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मध्यप्रदेश का मूल निवासी प्रमाण पत्र की ओरीजनल प्रति निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करना होगा। ट्रायल में प्रतिभागी को स्वयं के व्यय पर भाग लेना होगा। अधिक जानकारी के लिए चचाई रोड अनूपपुर स्थित खेल एवं युवा कल्याण विभाग कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

### राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत के गायन के साथ की गई शासकीय काम काज की शुरूआत



उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन कि उपस्थिति में संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में संगीतमय राष्ट्रगान, राष्ट्र गीत के गायन के साथ शासकीय काम काज की शुरूआत की गई । इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता , संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न



उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक में सभी शिक्षण संस्थानों को एनएफटी की वेबसाइट विजिट करने हेतु निर्देशित किया गया । एआईएसएचई अंतर्गत सभी शिक्षण संस्थानो के सभी हितधारकों शिक्षण संस्थान, विद्यार्थी, फेकल्टी मेंबर, अभिभावक, मानसिक स्वास्थ्य प्रदाता एवं नागरिको , एनटीएफ व्द्वारा तैयार पोर्टल पर सर्वे मे भाग लेने हेतु निर्देशित करनें, आयुक्त उच्च शिक्षा व्द्वारा प्रेषित गाइड लाइंस का पालन एवं माहवार किए जाने वाले कार्य को सुनिश्चित कर रिपोर्ट एसटीएफ को प्रेशित करनें, एनटीएफ व्द्वारा जारी प्रेस नोट एआईएसएचही अंतर्गत सभी शिक्षण संस्थानो के साथ साझा करने, आयुक्त शिक्षा व्द्वारा तैयार मानसिक स्वास्थ्य के नियमों का पालन कराने,जिले की सभी कोचिंग सेंटर्स का पंजीयन कराने पर चर्चा की गई । इसी तरह कोचिंग हब जैसे स्थान जहां छात्र बडे पैमाने पर प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी के लिए जाते हैं वहां मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा और रोकथाम के उपाय लागू किए जाने, समय समय पर शिक्षण संस्थानो एवं कोचिंग सेंटर्स इत्यादि का निरीक्षण करने एवं रिपोर्ट तैयार कर एसटीएफ को भेजने , सभी शिक्षण संस्थानो में शिकायत पेटी लगवाने, शिकायत निवारण समिति गठित करने, निर्धारित समय सारिणी अनुसार पेटी खोलकर शिकायतों का निवारण कर रिपोर्ट प्रत्येक माह की 10 तारीख को अनिवार्यतः कार्यालय की ईमेल आईडी पर प्रेशित करने के निर्देश दिए गए ।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक में कलेक्टर ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में एन एच 43 पर रोड मार्किग, एप्रोच रोड , स्पीड ब्रेकर लगाने, शहर के अंदर पार्किग व्यवस्था किए जाने, हाथ ठेलो को स्थानांतरित किए जाने, राष्ट्रीय राजमार्ग के बसाहट वाले स्थानों में स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था किए जाने, मार्ग मे घूम रहे आवारा पशुओ के लिए कांजी हाउस की व्यवस्था किए जाने, चंदिया से बांका मोड एवं पाली दुब्बार पर साईन बोर्ड लगाने, मुडना नदी क्षेत्र पर साईन बोर्ड की व्यवस्था किए जाने, नगर के मुख्य मार्ग के नालियो को ढकने की व्यवस्था किए जाने, दो पहिया एवं चार पहिया वाहन का चालान करते समय हेलमेट एवं सीटबेल्ट की अनिवार्यता किए जाने सहित अन्य बिंदुओ पर चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## वृहद स्वास्थ्य शिविर जनता के लिए बेहद उपयोगी: सांसद

# नर्मदा के तट में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिवर आयोजित






### विशेषज्ञों की मौजूदगी दवाइयां, चश्मा, वॉकर समेत बीमारियों की जांच और इलाज

बीते दिनों ऐसा लगा जैसे नर्मदा तट के डेम घाट में संपूर्ण सुविधा युक्त बृहद अस्पताल ही खुल गया हो, जन कल्याण के उद्देश्य से इस एक दिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर में बड़े-बड़े बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे, वहीं दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से आए मरीजों के बीमारियों का गहन परीक्षण कर उन्हें दवाइयां, चश्मा, वॉकर, प्लास्टर व जरूरतमंद की वस्तुएं भी प्रदान की गई, इस अवसर पर क्षेत्र के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने ऐसे स्वास्थ्य शिविर को क्षेत्र वासियों के लिए बेहद उपयोगी और कारगर बताया है।

शहडोल।

आनंदवर्धन वेलफेयर सोसायटी एवं मां नर्मदा स्वर्ण मंदिर समिति ,डिंडौरी के तत्वावधान में डेम घाट डिंडौरी में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस जनहितकारी शिविर में मुख्य रूप से आदित्य सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, शहडोल की चिकित्सकीय टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

#### क्षेत्र की जनता के लिए स्वास्थ्य शिविर वरदान

वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ क्षेत्र के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक ओमकार सिंह मरकाम, भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह मरकाम, आदित्य सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के संचालक डॉ. आदित्य द्विवेदी, आनंद वर्धन वेलफेयर सोसाइटी शहडोल के संचालिका डॉ.स्मिता द्विवेदी, संरक्षक आनंद वर्धन वेलफेयर सोसाइटी अनिल द्विवेदी एवं शिविर में उपस्थित समस्त चिकित्सक, कार्यकर्ता एवं मां नर्मदा स्वर्ण मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने मां नर्मदा की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित करने के साथ किया गया, इस अवसर पर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं विधायक ओमकार सिंह मरकाम दोनों जनप्रतिनिधियों ने शिविर का निरीक्षण किया और आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं और समय-समय पर ऐसे वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होते रहना चाहिए।

#### स्वास्थ्य संबंधी दिया गया परामर्श

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ आंखों की जांच भी की गई। जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए तथा विभिन्न रोगों के लिए दवाइयां भी मुफ्त प्रदान की गईं। चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया और नियमित जांच कराने की सलाह दी। शिविर में लगभग एक हजार से अधिक लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। दूर-दराज के गांवों से आए लोगों ने इस पहल के लिए संस्था और चिकित्सकीय टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

#### सपने में नहीं सोचा था घर बैठे मिलेंगे विशेषज्ञ डॉक्टर

स्थानीय नागरिकों ने कहा कि इस तरह के शिविरों से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को बड़ी राहत मिलती है। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया। वहीं दूर दराज से आए लोगों ने कहा कि उन्होंने सपनों में भी नहीं सोचा था कि उनके क्षेत्र में घर बैठे ऐसे विशेषज्ञ डॉक्टर मिलेंगे और वह अपनी समस्याओं को उन तक रख पाएंगे और उसका इलाज प्राप्त कर पाएंगे

#### निःशुल्क सामग्री और गहन उपचार

स्वास्थ्य शिविर के दौरान जहां चिकित्सकों द्वारा विधवत जांच करते हुए स्वास्थ्य संबंधी उपकरण बांटे गए, वहीं आवश्यकता अनुसार मरीजों को प्लास्टर करके उनका उपचार किया गया एवं औषधियां प्रदान की गई एवं उनके अंदर पनप रहे बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया और विधिवत इलाज़ और बचाव के बारे में भी मार्गदर्शन दिया गया, इस दौरान महिलाओं से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या अधिकतर रही, जिनको महिला चिकित्सक डॉक्टर दिव्यानी ने देखें।

#### विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी से लोगों में हर्ष

वृहद स्वास्थ्य शिविर में आदित्य सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शहडोल की ओर से पूरा चिकित्सीय दल जिसमें मुख्य रूप से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आदित्य द्विवेदी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्मिता द्विवेदी, जनरल फिजिशियन डॉक्टर अंबिका गुप्ता, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ दिब्यांनी, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सूर्यम द्विवेदी, पेट एवं आत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दीपक शुक्ला एवं नेत्र से संबंधित विशेषज्ञों का दल औषधि वितरण की टीम एवं रक्त बीपी समेत अन्य जांच टीम शिविर में उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरी सूक्ष्मता और गहन परीक्षण के साथ मरीजों का उपचार एवं औषधि वितरण किया। इस दौरान व्यवस्थापक एवं कार्यकर्ता के रूप आदित्य सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शहडोल मैनेजमेन्ट ग्रुप अंकिता पांडे, निखिल शर्मा, आदर्श सिंह, आनंद यादव, अलीम खान ने आयोजन को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका अदा की।

#### इनकी रही भूमिका और उपस्थित

कार्यक्रम में जहां मंडला संसदीय क्षेत्र के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक डिंडोरी ओंकार सिंह मरकाम, जिला अध्यक्ष भाजपा चमरू सिंह मरकाम, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधराज बिलैया, राजपूत जिला महामंत्री भाजपा, डीएसपी हेडक्वार्टर डिंडोरी सतीश द्विवेदी, माँ नर्मदा स्वर्ण मंदिर समिति के संरक्षक कोमल प्रसाद पाठक, पुजारी पं.सुशील द्विवेदी, रजनीश राय, प्रतीक गुप्ता, जगदीश गुप्ता, शिवांश शुक्ला, अनुराग तिवारी, श्रीमती रितु अग्रवाल, राजेंद्र परमार, अंशुल सोनी, हेमंत सोनी, अनमोल तिवारी, अभिषेक ठाकुर, हिमांशु समनानी की उपस्थिति रही।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न



उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण करते हुए ए ग्रेड मे आना सुनिश्चित करें । बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। उन्होने महिला एवं बाल विकास से कहा है कि कुपोषित बच्चों को एनआरसी केंद्र में भर्ती कराकर उन्हे समुचित इलाज उपलब्ध कराएं । उन्होने कहा कि एनआरसी केंद्र में भर्ती बच्चो के डिस्चार्ज के साथ ही अन्य कुपोषित बच्चो को भर्ती कराएं।उन्होने संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## ज्ञान महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का हुआ समापन




जयसिंहनगर।

जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत चंदेला में आयोजित ज्ञान महायज्ञ साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का समापन धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर विधानसभा क्षेत्र जयसिंहनगर की विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती मनीषा सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। विधायक श्रीमती सिंह ने कथा स्थल पर पहुंचकर व्यास पीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजन समिति को सफल धार्मिक आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में संस्कार, नैतिकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष जय श्री कच्चेर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष तथा वन समिति जयसिंहनगर के उपाध्यक्ष रामनारायण पांडेय, सांसद प्रतिनिधि रावेंद्र शर्मा एवं कई भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय जनपद सदस्य, सरपंच, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे सप्ताह चले इस ज्ञान महायज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ तथा श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया।

## दो भागों में बटे हाथी, गणेश के खेत में ढाया कहर, रात भर फसलों का किया नुकसान



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

विगत चार दिनों से तीन हाथियों का समूह दो अलग-अलग भागों में बट कर विचरण कर रहे है जिसमें एक दांत वाला एक गणेश भगवान रविवार एवं सोमवार की मध्य रात्रि वन परिक्षेत्र थाना एवं तहसील अनूपपुर के सोनमौहरी बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत अमगवां के वार्ड क्रमांक 10 डोंगरीटोला, गोहानाला के समीप रविवार की शाम 4 बजे से जंगल से निकल कर गणेश सिंह पिता अमेर सिंह की चार एकड़ भूमि में लगाए गए गेहूं एवं अरहर की फसल के साथ पड़ोसी रमेश पिता मोतीलाल राठौर के तीन एकड़ की भूमि में लगे गेहूं की फसल को आहार बनाता रहा इस दौरान कई बार एक अकेले हाथी को पटाखा हो-हल्ला एवं अन्य तरीकों से खेतों से भगाए जाने की कोशिश ग्रामीण जन करते रहे लेकिन खाने के लालच के कारण यह हाथी लोगों के भगाए जाने पर कुछ दूर पर लेंटाना की झाड़ियों एवं बांस के जंगल में जाकर ठहरने बाद फिर से खेतों में आकर गेहूं एवं अरहर की फसल को घंटे तक खाते रहा पेट भरने बाद यह हाथी सोमवार की सुबह 4 बजे के लगभग खेत से निकल कर पड़ोस के सोनमौहरी के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहा है, वही दो हाथियों का समूह रविवार की सुबह वन परिक्षेत्र थाना एवं तहसील जैतहरी के वन बीट धनगंवा के झण्डीटोला जंगल जो ग्राम पंचायत के क्योटार के कुसुमहाई ग्राम पंचायत पड़रिया के गोढाटोला, भलुवान घर टोला एवं ग्राम पंचायत कुकुरगोंड़ा के बड़का टोला, मंटोलियाटोला, कोषमटोला से लगा हुआ है के जंगल में विश्राम कर रहा है विगत रात यह दोनों हाथी किसी भी इलाके में जंगल से नहीं निकले हैं जिनकी हाथी गस्ती दल के कर्मचारी एवं ग्रामीण जन रात भर हाथी के अचानक किसी टोला मोहल्ला में ना जाने को लेकर पूरी रात जाग जाग कर बिताएं सोमवार की रात दोनों हाथी के सदस्य किस गांव टोला मोहल्ला में कहर बरसाएंगे यह देर शाम एवं रात होने पर ही पता चल सकेगा।



## प्रबंधन की लापरवाही से मासूमों की पढ़ाई ठप, सैकड़ों बच्चों का भविष्य अधर में

### स्कूल बस बंद, परीक्षा सिर पर, फिर भी प्रबंधन मौन

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।

कोयला मजदूर सभा एसएमएस के अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रबंधन की गंभीर लापरवाही को उजागर किया गया है। विज्ञप्ति में बताया गया कि गोविंदा टाउनशिप से सेंट्रल स्कूल तक चलने वाली बस सितंबर 2025 के अंतिम सप्ताह से बंद पड़ी है, जिसके कारण सैकड़ों बच्चे स्कूल जाने से वंचित हैं। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस विषय में संगठन द्वारा कई बार प्रबंधन से चर्चा की गई, लेकिन न तो कोई ठोस कार्रवाई की गई और न ही बस सेवा पुनः प्रारंभ की गई। परीक्षा का समय नजदीक होने के बावजूद प्रबंधन की उदासीनता से बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता प्रतीत हो रहा है। कोयला मजदूर सभा ने प्रबंधन से तत्काल बस संचालन शुरू करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन तंत्र की होगी। संगठन ने स्पष्ट किया कि वह सदैव कामगारों एवं उनसे जुड़े सामाजिक मुद्दों को मजबूती से उठाता रहा है और आगे भी संघर्ष जारी रहेगा

### ओसीएम आमाडांड में अनुचित श्रम व्यवहार का आरोप

## प्रबंधन की प्रताड़ना से कर्मचारी गंभीर बीमार, अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** ओसीएम अमाडांड परियोजना में अनुचित श्रम व्यवहार और मानसिक प्रताड़ना का गंभीर मामला सामने आया है। खान प्रबंधक एम. रामकृष्ण एवं डिस्पैच नोडल अधिकारी नितिन बाल्के पर लिपिक ग्रेड 3 कर्मचारी अभिनव कुमार सिंह को प्रताड़ित करने के आरोप लगे हैं प्रताड़ना के चलते अभिनव कुमार सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ गई और उन्हें अपोलो चिकित्सालय, बिलासपुर में भर्ती कराना पड़ा, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, अभिनव कुमार सिंह अपनी कुछ कार्यालयीन समस्याओं को लेकर खान प्रबंधक और नोडल अधिकारी से मिले थे आरोप है कि दोनों अधिकारियों द्वारा उन्हें लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया इसी तनाव के चलते दिनांक 31 जनवरी को दोपहर लगभग 2:10 बजे खान प्रबंधक कार्यालय से निकलने के बाद अभिनव को चक्कर आया और वे गिर पड़े इस दौरान उनके दोनों पैर काम करना बंद कर गए उन्हें तत्काल क्षेत्रीय चिकित्सालय कोतमा कॉलरी में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष विजय सिंह, संगठन मंत्री कमलभान मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और इलाज में सहयोग किया आरोप है कि इसके विपरीत खान प्रबंधक और नोडल अधिकारी ने कर्मचारी



का हालचाल तक जानना उचित नहीं समझा। बीमारी की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने अभिनव को अपोलो अस्पताल बिलासपुर रेफर किया अभिनव न केवल एक योग्य शिक्षित कर्मचारी हैं, बल्कि बीएमएस ओसीएम शाखा के सह सचिव भी हैं संगठन का आरोप है कि उन्हें लंबे समय से किसी संगठन विशेष के दबाव में परेशान किया जा रहा था। इस पूरे मामले को लेकर ओसीएम अध्यक्ष फ्रांसिस एंथोनी ने उप क्षेत्रीय प्रबंधक एवं महाप्रबंधक को पत्र लिखकर दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है चेतावनी दी गई है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो जनाक्रोश के चलते बृहद आंदोलन किया जाएगा इस घटना से श्रमिकों में भारी रोष व्याप्त है और आवश्यकता पड़ने पर संगठन व पीड़ित परिवार पुलिस प्रशासन एवं न्यायालय की शरण ले सकता है।

## आरपीएफ थाना प्रभारी ने कोतमा रेलवे स्टेशन परिसर एवं कॉलोनी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

आरपीएफ थाना प्रभारी भरत कुमार चौधरी सोमवार को अपने स्टाफ के साथ कोतमा रेलवे स्टेशन परिसर एवं कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टेशन मास्टर पारस रजक सहित पुलिस टीम साथ रही। स्टेशन परिसर में संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर कुछ को सख्त चेतावनी देते हुए फ़टकार लगाई। प्लेट फॉर्म निर्माण स्थल पहुंच लोहा छड़ सहित अन्य सामग्री की सुरक्षा को लेकर उपस्थित सुपर वाइजर को निर्देश दिए। रेलवे कॉलोनी के आस पास असामाजिक तत्वों के जमघट लगने एवं



शराबखोरी की शिकायत पर निरीक्षण किया। पुलिस को देखकर कुछ लोग भाग खड़े हुए। स्टेशन परिसर में बने आवासों में रहने वाले स्टाफ से जानकारी लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियां नजर आने पर तत्काल शिकायत कोतमा आरपीएफ एवं थाना प्रभारी को किए जाने की बात कही। रेलवे टीआई भरत चौधरी ने बताया कि ट्रेन आने के दौरान लगातार स्टेशन में गस्त रहती है। परिसर एवं कॉलोनी में भी लगातार पेट्रोलिंग के निर्देश दिए गए है। कोयला चोरी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी पार

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र में नई बस्ती जगमोहन दास वार्ड में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए जेवरात एवं नकदी रूपये पार कर दिये। फरियादी नरेन्दर सिंह ने पुलिस को बताया कि वे 24 जनवरी की दोपहर से घर से बाहर थे। इस दौरान 24 जनवरी से 31 जनवरी की सुबह के बीच किसी समय अज्ञात चोरों ने घर में प्रवेश किया। शनिवार सुबह जब घर की स्थिति देखी गई, तब चोरी का खुलासा हुआ। चोरों ने घर के ताले तोड़कर अलमारी में रखे जेवरात सोने का हार, मंगलसूत्र, चैन और अंगूठी, चांदी की पायलें एवं लगभग 90,000 रुपये चोरी कर लिये। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी के प्रयास में जुटी है।

### बाइक सवार बदमाशों ने छीना सोने का लॉकेट

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरई और सलैया के बीच शनिवार दोपहर चैन स्नैचिंग की एक वारदात हुई। बाइक सवार बदमाश ने राह चलती महिला को निशाना बनाते हुए उसके गले से कीमती लॉकेट पार कर दिया। प्रार्थी लता काछी 28 वर्ष निवासी बिचपुरा ने बताया कि ग्राम हरई और सलैया के बीच दोपहर लगभग 1 बजे पीछे से आए एक अज्ञात व्यक्ति ने मौका पाकर उनके गले पर झपट्टा मारा। जब तक महिला कुछ समझ पाती, आरोपी सोने का लॉकेट लेकर रफूचक्कर हो चुका था। शिकायत के बाद बरही पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस संदिग्धों और पुराने अपराधियों के रिकॉर्ड खंगाल रही है।

### हांका टीम ने 25 मवेशी पकड़ कर गौशाला भेजे

**कटनी।** नगर में सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा घुमंतू मवेशियों के विरुद्ध वृहद अभियान चलाया गया। अभियान के तहत निगम की हांका टीम ने विभिन्न सार्वजनिक मार्गों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर घूम रहे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही की। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के दौरान कुल 25 घुमंतू मवेशियों को पकड़कर अमीरगंज स्थित गौशाला भेजा गया, जहां उनके समुचित रख-रखाव एवं चारे-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि सड़कों पर मवेशियों की मौजूदगी से आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए यह अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। निगम प्रशासन ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। नगर को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। वही नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न स्थलों वार्ड नं 22 हीरागंज सोनल बाझल गली में सहित वार्ड के अन्य स्थलों एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड से 5 आवारा श्वान को पकड़ने का कार्य किया जाकर कटाए घाट स्थित ए बी सी सेंटर भेजने की कार्यवाही की गई।

### कृषकों को 985 करोड़ से अधिक का भुगतान

**कटनी।** जिले में समर्थन मूल्य पर हुये धान उपार्जन के लिये कृषकों को अब तक 985.65 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। 1 दिसंबर 2025 से शुरू होकर 20 जनवरी तक हुये उपार्जन में कुल चलने वाले कुल 58 हजार 875 कृषकों से कुल 4 लाख 94 हजार 46 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया। जो पिछले वर्ष हुई खरीदी से 19.96 फीसदी ज्याखदा है। जिले में समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी रही। यहां कुल 12156 किसानों से 1 लाख 3 हजार 372 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 10054 किसानों से 72 हजार 941 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर खरीदी गई। इसी प्रकार रीठी तहसील में 7435 कृषकों से 70 हजार 641 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई। जबकि विजयराघवगढ़ तहसील में अब तक 6801 किसानों से 56 हजार 330 मीट्रिक टन धान खरीदी गई। बड़वारा तहसील में 7490 किसानों से 55 हजार 102 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई।

ओवी उत्खनन कार्य ने पकड़ी रफ्तार

# अमलाई ओसीएम प्रबंधन–आरकेटीसी की मेहनत रंग लाई, फरवरी के अंत में कोयला उगलेगा अमलाई ओसीएम







**चार वर्षों तक कोयला उत्पादन की संभावना, बेरोजगार युवाओं को जगी रोजगार की उम्मीद**

**धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया अंतर्गत अमलाई ओपन कास्ट माइंस (ओसीएम) में ओवरबर्डन (ओवी) हटाने का कार्य तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।ओवी निकालने का टेंडर आरकेटीसी (RKTC) प्राइवेट कंपनी को मिलने के बाद, प्रबंधन की कमान पाठक के पश्चात बुरिविंदी वेंकटेश्वर रेड्डी के हाथों में आते ही खदान प्रबंधन और ठेका कंपनी के बीच बेहतर तालमेल स्थापित हुआ है। इसी का परिणाम है कि लंबे समय से अपेक्षित यह परियोजना अब धरातल पर प्रभावी रूप से दिखाई देने लगी है।

अमलाई ओसीएम के उपक्षेत्रीय प्रबंधक पी.रवन्ना व खान प्रबंधक अल्बर्ट लगातार खदान स्थल पर मौजूद रहकर कार्य की निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति और आरकेटीसी प्रबंधन की पेशेवर कार्यशैली से ओवी हटाने का काम नियत समयसीमा, तकनीकी मानकों और सुरक्षा नियमों के अनुरूप किया जा रहा है।

### तकनीकी दक्षता के साथ सुरक्षा को प्राथमिकता

वर्तमान में अमलाई ओसीएम में 7 फीट नीचे लेवल से लेकर लगभग 120 फीट ऊंचाई तक परत-दर-परत ओवरबर्डन हटाने का कार्य जारी है। आरकेटीसी कंपनी द्वारा आधुनिक मशीनों का उपयोग करते हुए कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। श्री रेड्डी का कहना है कि सिंगरौली क्षेत्र की खदानों में इससे कहीं अधिक ऊंचाई तक ओबी डंपिंग होती है, ऐसे में अमलाई ओसीएम में हो रहा कार्य पूरी तरह नियमों के दायरे में है।

### पर्यावरण संतुलन का भी रखा जा रहा ध्यान

ओवरबर्डन डंपिंग प्रबंधन द्वारा पूर्व से चिन्हित स्थल पर ही की जा रही है। हालांकि वर्तमान स्थल पर कुछ छोटे-बड़े पेड़ मिट्टी में दब रहे हैं, लेकिन रेड्डी ने स्पष्ट किया है कि एक पेड़ के बदले तीन पेड़ लगाए जाएंगे। इससे यह संकेत मिलता है कि उत्पादन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी को भी गंभीरता से लिया जाएगा।

### फरवरी अंत से कोयला उत्पादन की तैयारी

आरकेटीसी प्रबंधन प्रमुख वेंकटेश्वर रेड्डी ने बताया कि यदि कार्य इसी गति से चलता रहा तो फरवरी के अंतिम सप्ताह या मार्च की शुरुआत से अमलाई ओसीएम में कोयला उत्पादन शुरू हो जाएगा। वर्तमान प्लानिंग के अनुसार इस खदान से लगभग चार वर्षों तक कोयला निकासी संभव बताई जा रही है। इससे एसईसीएल को दीर्घकालीन उत्पादन लाभ मिलने के साथ-साथ क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी।

### महाप्रबंधक वी.के. जेना की सतत निगरानी

सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक वी.के. जेना द्वारा क्षेत्र की विभिन्न खदानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। अमलाई ओसीएम पर भी उनकी विशेष निगाह बनी हुई है, जिससे यह परियोजना तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरी हो सके।

### बेरोजगारी के दौर में रोजगार की उम्मीद

नगर और आसपास के क्षेत्रों में बेरोजगारी इस कदर हावी है कि युवा वर्ग तीन–चार वर्षों के लिए ही सही, किसी भी प्रकार की नौकरी पाने की उम्मीद में दर-दर भटकने को मजबूर है। ऐसे समय में अमलाई ओसीएम में शुरू हुआ यह कार्य स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार की नई उम्मीद बनकर सामने आया है। आरकेटीसी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि कंपनी की आवश्यकता के अनुसार पूरी पारदर्शिता और औपचारिक प्रक्रिया अपनाते हुए लोगों को काम दिया जाएगा। स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मंशा और प्रबंधन का सकारात्मक रवैया क्षेत्र में भरोसा पैदा कर रहा है।

### सकारात्मक समन्वय का उदाहरण

कुल मिलाकर अमलाई ओसीएम में एसईसीएल प्रबंधन और आरकेटीसी प्राइवेट कंपनी के बीच बेहतर समन्वय, अनुशासित कार्य संस्कृति, सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक–पर्यावरणीय जिम्मेदारी का संतुलन एक सकारात्मक उदाहरण बनकर उभर रहा है। आने वाले वर्षों में यह परियोजना न केवल कोयला उत्पादन बढ़ाएगी, बल्कि बेरोजगारी से जूझ रहे क्षेत्र को भी नई दिशा देने में अहम भूमिका निभाएगी।

## पांच दिवसीय करियर मेला में विद्यार्थियों को मिला करियर मार्गदर्शन




**अमलाई।** समग्र शिक्षा अभियान सेकेंड्री एजुकेशन के निर्देशानुसार 27 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित पांच दिवसीय करियर मेला एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का शुभारंभ 27 जनवरी को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल अमलाई कलरी में किया गया। प्रथम दिवस कार्यक्रम में करियर मेले का उद्घाटन, करियर जागरूकता सत्र, करियर काउंसलिंग का परिचय तथा विभिन्न शैक्षणिक संकायों की जानकारी दी गई।इस अवसर पर विद्यार्थियों को ऑनलाइन करियर काउंसलिंग मार्गदर्शन कार्यक्रम भी दिखाया गया, जिसका लाइव प्रसारण दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं कौशल आधारित करियर विकल्पों की जानकारी देना रहा। यूनिसेफ द्वारा आयोजित वेबीनार के माध्यम से जीवन कौशल, करियर योजना, करियर कार्ड तथा भविष्य की तैयारी पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही शासकीय सेवाओं से संबंधित करियर अवसरों की भी जानकारी दी गई।करियर मेले में विद्यालय के कक्षा नवमी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन 31 जनवरी 2026 को किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य जेरमिना एक्का के साथ शिक्षकगण श्री एस.के. त्रिपाठी, श्रीमती वर्षा ठाकुर, श्रीमती रश्मि गुप्ता, लाल बहादुर नापित, जमील अहमद, श्रीमती शिवानी सोनी, श्रीमती स्वाति दरियाव, श्रीमती प्रमिला जांगड़े, अंकुश गुप्ता एवं अतिथि शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नपा बरगवां अमलाई में प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी का आरोप, कमिश्नर को शिकायत

**अमलाई।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कथित अनियमितताओं को लेकर कमिश्नर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायतकर्ताओं ने योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और अपात्र हितग्राहियों को लाभ दिए जाने का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि नगर परिषद बरगवां–अमलाई क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ऐसे चहेते लोगों को दिया जा रहा है जिनके पहले से ही पक्के मकान बने हुए हैं, जबकि वास्तविक जरूरतमंद गरीब परिवार अब भी योजना से वंचित बताए जा रहे हैं। आरोप है कि कुछ कर्मचारियों एवं अधिकारियों की मिलीभगत से अपात्र लोगों के नाम सूची में शामिल किए गए।कमिश्नर कार्यालय को सौंपे गए आवेदन में मांग की गई है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और यदि दोषी पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और लाभार्थियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।इस संबंध में पूर्व में भी जिला अधिकारियों से शिकायत की गई थी जहां जांच का आश्वासन दिया गया था किंतु अबतक कोई जांच नही हुई है जिसके बाद कमिश्नर को शिकायत सौंपी गई है। अब देखना होगा कि इस मामले में जांच कब तक शुरू होती है और क्या आरोपों की पुष्टि होती है या नहीं।

## सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता व सामाजिक समरसता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

ढीमरखेड़ा के मंडल कटरिया अंतर्गत ग्राम महंगवा देंगवा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता पर विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में बाल संत बाल हट महाराज, परमानंद धाम करौंदी ने धर्म और सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने का संदेश दिया।

मुख्य वक्ता जिला प्रचारक चंदन भाईसाहब का बौद्धिक उद्बोधन जनमानस में प्रेरणा और चेतना का स्रोत बना। उन्होंने हिंदू एकता और सामाजिक समरसता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। मुख्य अतिथि कोदूलाल यादव एवं जिला सह संपर्क तिलक सिंह (सेवानिवृत्त डीआईजी) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। मातृशक्ति की ओर से बहन स्नेहलता ने भी अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से भाई-बहनों में भविष्य के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास का संचार किया।

इस अवसर पर ब्रजकुमार सेन, डॉ. कैलाश पटेल, भागचंद साहू, प्रवीण यादव, इंद्रकुमार यादव, विपिन राजपूत, राजेश लोनी, शुभम साहू,दयाशंकर गोलू जायसवाल, मुकेश यादव, कमल यादव, चंद्रभान यादव, जयहिंद यादव, प्रेमलाल यादव, तिलकचंद्र यादव, देवीदीन यादव,संजीव यादव, सनद यादव, पुनीत, सुभाष,अजीत साहू,नवीन गुप्ता,विनोद ठाकुर सहित समाज के विभिन्न वर्गों के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।भारत माता की आरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

## गुणवत्तापूर्ण जल आपूर्ति के लिए चलाया जा रहा है अभियान, नमूने लेकर किया जा रहा परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और जल आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त श्रीमती हरसिमरन प्रीत कौर के निर्देशानुसार हर एक दिन निगम की टीम द्वारा पेयजल आपूर्ति के दौरान वार्डो में पहुंचकर हर घर से पेयजल के सेंपल एकत्रित कर शुद्धता की जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे है।

पेयजल परीक्षण हेतु वार्डों से जल संग्रहण की कार्यवाही के दौरान निगम अमले द्वारा संत कंवरराम वार्ड रॉबर्ट लाइन, बाबा नारायण शाह वार्ड , विश्राम बाबा वार्ड न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी तथा विवेकानंद वार्ड खेरमाई मंदिर के पीछे बस्ती सहित अन्य स्थलों से पेयजल का सैम्पल कलेक्ट कर शुद्धता की जॉच हेतु प्रयोगशाला भेजने की कार्यवाही की गई। शुद्ध। पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु निगम प्रशासन द्वारा अब तक 955 से अधिक जल सैंपलिंग का कार्य कराया जा चुका है।

कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि आयुक्त श्रीमती कौर के निर्देशानुसार अमले द्वारा घर-घर जाकर पानी में क्लोरीन की मात्रा की जाँच करने के साथ और शहरवासियों से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इस दौरान न केवल गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है बल्कि प्राप्त शिकायतों के निराकरण किया जा रहा है। निगम अमले द्वारा नियमित रूप से ओवरहेड टैंक और वॉल चैंबर की सफाई की जा रही जिससे शहरवासियों को गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध हो सके।

कार्यपालन यंत्री श्री मिश्रा ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा नगर के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे है। नगर में स्थापित पानी के स्त्रोतों की साफ-सफाई, ट्यूबवेलों के माध्यम से किए जाने वाले पेयजल वितरण के क्लोरीनेशन कार्य के साथ ही विभिन्न वार्डों से रोजाना एकत्रित किए जा रहे पानी की सैंपलिंग का कार्य निरंतर जारी है। इसके अतिरिक्त पेयजल के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायतों प्राप्त होने पर तत्परता से निराकरण कराकर पेयजल वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

*कलेक्टर ने भर्ती रैली के लिए पुख्ता तैयारियां करने के दिये निर्देश*

## कटनी में अग्निवीर भर्ती रैली 13 से 24 फरवरी तक, 15 जिलों के युवा होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारतीय सेना में शामिल होने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। सेना भर्ती कार्यालय मुख्यालय जबलपुर द्वारा कटनी जिले के झिंझरी पुलिस लाईन मैदान में 13 फरवरी से 24 फरवरी तक सेना की अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसके सुव्यवस्थित आयोजन के मद्देनजर कलेक्टर आशीष तिवारी ने शुक्रवार को संबंधित अधिकारियों को कार्य, दायित्व सौंपा और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भर्ती रैली में अभ्यर्थियों की सुविधा और सुरक्षा तथा सुव्यवस्थित आयोजन प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है।

### 15 जिलों के युवा आयेंगे

पुलिस लाइन झिंझरी में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में कटनी सहित 15 जिलों के युवा चयन हेतु यहां आयेंगे। इस भर्ती रैली में जबलपुर, अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, मंडला, मऊगंज, नीमच, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली और उमरिया जिले के युवा शामिल होने आयेंगे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने बड़ी संख्या में युवाओं के यहां आने के नजरिए से सभी प्रकार की व्यवस्थाओं, यातायात प्रबंधन, पेयजल की समुचित व पर्याप्त उपलब्धता, शौचालय व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने चलित शौचालय, पेयजल हेतु टैंकर और पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की व्यवस्थ्या हेतु नगर निगम को निर्देशित किया। वहीं झिंझरी पुलिस लाइन के बैरिकेटिंग का दायित्व पीडब्ल्यूडी को, सीसीटीव्ही कैमरे और कम्प्यूटर व प्रिंटर की व्यवस्था का कार्य जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस सौरव नामदेव को सौंपा है।

साथ ही स्थल में फायर ब्रिगेड वाहन और मेडिकल एंबुलेंस मेडिकल स्टाफ के साथ तैनात करने के निर्देश दिये हैं।

बैठक में डायरेक्टर रिक्रूटमेंट रितिक खानजोड़ ने अग्निवीर रैली भर्ती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रैली में महिला एवं पुरूषों का फिजिकल टेस्ट किया जाएगा और अलग- अलग जिलों के प्रतिदिन 700 से 800 आवेदक आयेंगे। कर्नल खानजोड़े ने दौड़ के लिये ट्रैक और आने भर्ती के लिये आने वाले अभ्यर्थियों के शारीरिक परीक्षण के नजरिये से संभावित आवश्यकताओं की जानकारी दी। जिस पर कलेक्टर ने सभी आवश्यकतायें समय पर पूरी करने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये।

इस भर्ती रैली के माध्यम से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क और ट्रेड्समैन पदों के लिए चयन किया जाएगा। रैली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड, नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, सभी आवश्यक दस्तावेज और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा।

## लक्ष्य निर्धारण कर विद्यार्थी बढ़े आगे जिससे मिलेगी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

विद्यालयों मे अध्ययनरत विद्यार्थियों को भविष्य मे उनके कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान करने शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल देवरी मवई में पांच दिवसीय कैरियर मेला आयोजित किया गया। कैरियर मेला के तहत 27 जनवरी को शैक्षिणिक संकायो की जानकारी ,28 जनवरी को कौशल शिक्षा के प्रति जागरूकता,29 जनवरी को शासकीय महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक दल द्वारा शासकीय सेवाओं एवं उच्च शिक्षा से संबंधित जानकारी, छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी व उच्च शिक्षा के अवसर की जानकारी प्रदान की गईं। 30 जनवरी को भारतीय स्टेट बैंक के फील्ड ऑफिसर अविनाश कुमार ने जीवन कौशल, कैरियर योजना एवं भविष्य की तैयारी पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही विद्यार्थियों की आवश्यकता व क्षमता अनुरूप कैरियर निर्धारण करने उन्हें प्रेरित किया गया। कैरियर मार्गदर्शन की आवश्यकता, उद्देश्य, संबंधित क्षेत्र व अवसर तथा विषय पर आधारित कार्य क्षेत्र, दसवीं के बाद विषय का चुनाव तथा 12वीं व स्नातक के पश्चात कैरियर के अवसर पर मार्गदर्शन भी दिया गया। वहीं कैरियर संबंधित विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया साथ ही कहा कि विषय का चयन रूची अनुसार करें और आगे बढ़े। विषय को ध्यान में रखकर आगे बढ़े। कॅरियर का सही चुनाव होने पर जीवन मे खुशियां ही खुशियां आ जाती हैं जिंदगीभर प्रसन्नता रहती है। स्वास्थ्य विभाग से डॉ प्रकाश हल्दकार ने आयोजित कैरियर मेला में छात्र-छात्राओ को प्रतियोगी परीक्षा मैं सफलता हासिल करने इसका मूल मंत्र दिया गया। कैसे आईएएस,आईपीएस व आईएफएस बन सकते है,इस पर विस्तृत जानकारियां दी गई। अन्य प्रतियोगी परीक्षा जैसे रेलवे, एसएससी,बैंक कर्मी ,सहायक ग्रेड 2 व 3 सहित अन्य पदों पर नॉकरी पाने कैसे प्रतियोगी परीक्षाओ में सफलता हासिल की जा सकती है इसकी जानकारियां दी गई। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग के तहत कैरियर योजना, कौशल आधारित रोजगार के महत्व, उच्च शिक्षा के विकल्प, विदेश में पढाई के लिए आवश्यक प्रक्रिया, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी , छात्र उद्यमिता के बारे में संवाद, उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के विकल्प, स्थानीय रोजगार के अवसर पर विद्यार्थियों के विचार को महत्व देते हुए उनके कैरियर से संबंधित प्रश्नों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

## सरपंच-सचिव की जोड़ी ने शासन की राशि पर डाला डाका

# लखौरा पंचायत में बंदरबाट बदस्तूर जारी

**पंचायत विकास के नाम पर आई सरकारी राशि गरीबों के विकास की जगह सरपंच-सचिव की जेबें भरने का जरिया बन गई है। जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत लखौरा में विकास कार्यों की दुहाई देकर लाखों रुपये का खुला खेल फर्जीवाड़ा सामने आया है। कागजों में चमकते विकास कार्य, जबकि जमीनी हकीकत शून्य है जहाँ शासन की मंशा को सरेआम लूटा जा रहा है।**



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत लखौरा इन दिनों विकास नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का मॉडल बन चुकी है। यहाँ पंचायत को मिले विकास बजट को जनहित में खर्च करने की बजाय सरपंच और सचिव की मिलीभगत से सुनियोजित तरीके से बंदरबाट किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में न तो नई सुविधाएँ दिखती हैं और न ही पुराने संसाधनों की हालत सुधरी है, फिर भी लाखों के भुगतान कागजों में दर्शा दिए गए है। हाल ही में पंचायत सचिव दिनेश बनवासी द्वारा अपने चहेते वेंडर के फर्जी बिल लगाकर 2,58,700 का संदिग्ध भुगतान किया गया है, जिसने पूरे मामले को और भी संगीन बना दिया है। अलग-अलग मदों में भारी-भरकम राशि दिखाकर शासन को चूना लगाया गया है, जबकि जमीनी स्तर पर न तो काम हुआ और न ही सामग्री का कोई अता-पता है। यह पूरा मामला पंचायत व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा करता है और उच्चस्तरीय जांच की माँग को और मजबूत करता है।

### कागजों में चमक, ज़मीन पर सन्नाटा

पंचायत के रिकॉर्ड खंगालें तो विकास कार्यों की लंबी फेहरिस्त नजर आती है, लेकिन गांव की गलियों में हकीकत इससे ठीक उलट है। जिन कार्यों के नाम पर लाखों रुपये खर्च दिखाए गए, उनका कोई भौतिक प्रमाण ग्रामीणों को नजर नहीं आता है। न नई लाइटें लगीं है, न मरम्मत का कोई निशान है, फिर भी भुगतान पूरे आत्मविश्वास से कर दिया गया है। यह सीधा-सीधा फर्जीवाड़ा नहीं तो और क्या है?

### चहेते वेंडर को फायदा, पंचायत को नुकसान

आरोप है कि सचिव दिनेश बनवासी ने नियमों को ताक पर रखकर अपने पसंदीदा वेंडर के बिल लगवाए है। एलईडी लाइट मरम्मत, टेस्टिंग, फर्नीचर मरम्मत और अन्य सामग्री जैसे मदों में मनमाने बिल पास कर दिए गए है। भुगतान की प्रक्रिया में न तो पारदर्शिता बरती गई और न ही तकनीकी या प्रशासनिक सत्यापन, जिससे मिलीभगत की बू साफ झलकती है।

### मदों के नाम पर लाखों की लूट

रिकॉर्ड के अनुसार एलईडी लाइट मरम्मत के नाम पर 84,000, टेस्ट के नाम पर 50,000, फर्नीचर मरम्मत में 91,500 और अन्य सामग्री के नाम पर 33,200 का भुगतान दर्शाया गया है। सवाल यह है कि ये सारे काम कब, कहाँ और कैसे हुए है? अगर हुए भी, तो उनकी गुणवत्ता और मौजूदगी का प्रमाण आखिर कहाँ है? ग्रामीणों का कहना है कि काम दिखाइए, तभी पैसा सही लगेगा, जब से दिनेश वनवासी सचिव के दायित्व में इस ग्राम पंचायत में आए है तब से पैसों का बंदरबाट चल रहा है अगर सही जांच हो जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

### जांच नहीं हुई तो और गहराएगा घोटाला

ग्रामीणों और पंचायत के पंचों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो पंचायत विकास निधि इसी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती रहेगी। सरपंच-सचिव की भूमिका की गहन जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि शासन की राशि सही मायनों में गांव के विकास पर खर्च हो, न कि कुछ लोगों की तिजोरी भरने में।

### इनका कहना है

आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है मैं जांच करवा लेता हूं।

**गणेश पाण्डेय**
**सीईओ, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़**

## नगर पालिका पसान- जमुना में आज होगा मंगल भवन का लोकार्पण

### विशेष निधि से एक करोड़ 92 हजार की लागत से निर्मित हुआ है मंगल भवन

**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।** नगर पालिका परिषद पसान क्षेत्र में यहां के नागरिकों आम लोगों के लिए शादी विवाह या अन्य किसी प्रकार के बड़े कार्यक्रमों के लिए कोई भी स्थान नहीं था जिसकी मांग वर्षो से की जा रही थी यह अलग बात है कि नगर पालिका क्षेत्र के जमुना एवं भालूमाड़ा में स्थानीय लोग शादी ब्याह के लिए या अन्य समारोह कार्यक्रम के लिए स्वयं व्यवस्था करते थे या फिर एसईसीएल के द्वारा बनाए गए क्लब, सामुदायिक भवन पर निर्भर होते थे और कभी-कभी ऐसा भी होता था कि आम जनों को कालरी की ये सुविधा नहीं मिल पाती थी जिस कारण से लोगों को समस्या होती थी। इसके लिए वर्तमान विधायक एवं पूर्व मंत्री विसाहूलाल सिंह ने जमुना में एवं भालूमाडा में मंगल भवन बनाने की बात कही थी। पसान नगर पालिका के चुनाव के बाद अध्यक्ष के रूप में जब से रामअवध सिंह ने पदभार ग्रहण किया तभी से उन्होंने नगर के प्रमुख जनहित की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर के विकास के लिए सार्थक प्रयास किया और जमुना में एवं भालूमाड़ा में मंगल भवन बनाने की प्रक्रिया में गति लाई गई और आखिरकार जमुना एवं भालूमाड़ा में दोनों स्थान पर मंगल भवन का कार्य प्रारंभ हुआ इस कड़ी में सबसे पहले जमुना के वार्ड क्रमांक 7 में लगभग एक करोड़ 92 हजार की लागत से मंगल भवन बनकर तैयार हो गया और इसका लोकार्पण 3 फरवरी आज किया जाना है जबकि भालूमाड़ा में वार्ड क्रमांक 11 में मंगल भवन का निर्माण तेज गति से प्रारंभ है और इन दोनों जगह पर मंगल भवन बनने से क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा और इस बात से नगर वासियो में प्रसन्नता भी है कि अब उनके नगर में अपना मंगल भवन होगा अब एसईसीएल के सामुदायिक भवन या क्लब पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। 3 फरवरी आज जमुना वार्ड क्रमांक 7 में नवनिर्मित सर्व सुविधा युक्त मंगल भवन का लोकार्पण किया जाना है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विशाहूलाल सिंह पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं विधायक अनूपपुर, विशिष्ट अतिथि श्रीमती हिमाद्री सिंह सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र, रामलाल रौतेल अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकरण मध्य प्रदेश शासन, हीरा सिंह श्याम जिला अध्यक्ष भाजपा अनूपपुर, बृजेश गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष रामअवध सिंह होंगे इस लोकार्पण कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 7 तक विभिन्न निर्माण कार्य जो पूर्ण हो चुके हैं उनका भी लोकार्पण किया जाना है।



## गांधी जी की पुण्यतिथि में मजदूर कांग्रेस शाखा कार्यालय में आयोजित की गई श्रद्धांजलि सभा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



पूरे विश्व में महात्मा गांधी के विचारों के मानने वाले समर्थक हैं, अहिंसा के मूल मंत्र से भारत के पूर्व से पश्चिम व उत्तर से दक्षिण भारत के संपूर्ण नागरिकों एकता के सूत्र में बांधकर कर अंग्रजों गुलामी से भारत को स्वतंत्रता दिलाने में गांधी जी भूमिका अमर है, उक्त उद्गार साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के 30 जनवरी को रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर कार्यालय में आयोजित गांधी जी की पुण्यतिथि में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि पत्रकार संतोष कुमार झा ने सभा में कहीं, गांधी जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम को संबोधित करते रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष व सीआईसी प्रभारी लक्ष्मण राव ने कहा हम किसी व्यक्ति या विचारों से असहमत हो कर जघन्य हत्या जैसा अपराध को भारत की जनता स्वीकार नहीं कर सकती, गांधी जी के हत्या बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थी, गांधी के अहिंसा वादी विचार की लोकप्रियता ही है की विश्व के प्रमुख देशों के प्रमुख स्थानों में गांधी जी बड़ी बड़ी प्रतिमा लगी हुई है यह भारत देश के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम के शुभारंभ में गांधी की छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि देते उपस्थित सभी अतिथियों व पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि दी। इस सभा में मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक कुमार राय, कोषाध्यक्ष सदाशिव पाण्डेय, जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर महामंत्री एडवोकेट उमेश राय, अन्य पदाधिकारी मनीष कुमार, अज़हर नियाज़, किशन द्विवेदी, मुकेश कुमार, पप्पू कुमार, रवि कुमार राय, छोटे लाल राठौर, कार्यालय प्रभारी जी सुर्याराव, कृष्णा राव आदि उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा केंद्रों में संबंधित क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों की लगाई जाए ड्यूटी कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले में आयोजित होने वाली आगामी बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारियों की ड्यूटी संबंधित बोर्ड परीक्षा केंद्रों एवं विद्यालयों के निरीक्षण हेतु लगाई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी अपने भ्रमण के दौरान विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करें तथा बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा के साथ शिक्षकों द्वारा कराई जा रही शैक्षणिक गतिविधियों का भी अवलोकन करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की बोर्ड परीक्षा केंद्र में भी ड्यूटी लगाई जाए तथा बोर्ड परीक्षाएँ पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई जांए, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री पंचोली आज कलेक्टर कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। कलेक्टर श्री पंचोली ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एमपी ई-सेवा पोर्टल से अधिकाधिक लोगों को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि एमपी ई-सेवा पोर्टल के संबंध में आमजन को व्यापक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। इस उद्देश्य से जिले की सभी ग्राम पंचायतों में जानकारीपरक बैनर लगाए जाएँ। साथ ही जिन नागरिकों के पास स्मार्टफोन उपलब्ध हैं, उन्हें एमपी ई-सेवा ऐप डाउनलोड कराया जाए तथा ऐप के माध्यम से उपलब्ध सेवाओं की जानकारी प्रदान की जाए, जिससे नागरिक इस पोर्टल एवं ऐप का लाभ सरलता से प्राप्त कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि इससे शासकीय सेवाओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित होगा। कलेक्टर श्री पंचोली ने सक्षम




आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से शिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों हेतु खिलौने, स्लेट, रंग-बिरंगी चित्र सामग्री, पेंटिंग, पहेलियाँ आदि उपलब्ध कराई जांए, जिससे बच्चों की रुचि बढ़े और उनका मानसिक विकास सुगमता से हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्राथमिकता के आधार पर बच्चों को उक्त शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने टेक होम राशन वितरण की स्थिति की जानकारी भी प्राप्त की तथा एलईडी के माध्यम से बच्चों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री पंचोली ने कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से नल-जल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा पंप ऑपरेटरों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो पंप ऑपरेटर अपने कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं, उनके स्थान पर सक्षम ऑपरेटर नियुक्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने नल-जल योजना के सुव्यवस्थित संचालन के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जल कर वसूली कार्य पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। जिससे नल-जल योजनाओं का नियमित संधारण समय-समय पर हो सके तथा ग्रामीणों को सुगमता से पेयजल उपलब्ध हो। इसी प्रकार कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को जिले में मखाना की खेती के प्रति किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मखाना की खेती से किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा जिले में नवीन उद्योगों की स्थापना की संभावनाएँ बढ़ेंगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, विद्युत, नगरीय प्रशासन, परिवहन, स्वास्थ्य, पशुपालन, मत्स्य पालन, खाद्य, खनिज सहित अन्य विभागों के विभागीय कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राशी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले के चचाई थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह ने राष्ट्रीय बैडमिंटन में जीता कांस्य पदक

### खाकी का गौरव

हरिभूमि न्यूज‹अनूपपुर/चचाई।




पुलिस की व्यस्त कार्यशैली और कानून व्यवस्था की चुनौतियों के बीच अक्सर व्यक्तिगत शौक पीछे छूट जाते हैं, लेकिन अनूपपुर जिले के चचाई थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह ने यह साबित कर दिया कि अगर जज्बा हो तो खेल के मैदान में भी तिरंगा फहराया जा सकता है। हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित' 8वें राष्ट्रीय सुपर मास्टर्स गेम्स' में सुन्द्रेश सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर जिले और मध्य प्रदेश पुलिस का नाम रोशन किया है। उज्जैन से पुणे तक का सफर सुन्द्रेश सिंह का चयन उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ था। राष्ट्रीय स्तर पर कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा और देश भर से आए खिलाड़ियों के बीच तीसरा स्थान प्राप्त कर पदक अपने नाम किया। विभाग में खुशी की लहर' उनकी इस उपलब्धि पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों ने हर्ष व्यक्त किया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि थाना प्रभारी की यह जीत युवाओं के लिए प्रेरणा है कि अनुशासन और मेहनत से किसी भी क्षेत्र में सफलता पाई जा सकती है। सुन्द्रेश सिंह थाना प्रभारी चचाई ने बताया की ड्यूटी की व्यस्तता के बीच खेल के लिए समय निकालना चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन यह पदक मेरी मेहनत और विभाग के सहयोग का परिणाम है।






### खबर संक्षेप

### केंद्रीय बजट निवेशकों के विश्वास तथा ऋण रेटिंग के लिए सकारात्मक -सीए आकाश खेमका




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** आकाश खेमका चार्टर्ड एकाउंटेंट अनूपपुर ने चर्चा के दौरान बताया कि केंद्रीय बजट 2026-27 दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता और संरचनात्मक विकास पर केंद्रित दिखाई देता है। सरकार ने राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता दी है, जिससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि नीति-निर्माता उपभोग-आधारित विकास के बजाय परिसंपत्ति-सृजन आधारित विकास मॉडल को आगे बढ़ाना चाहते हैं। राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखने का लक्ष्य भारत की व्यापक आर्थिक विश्वसनीयता, निवेशकों के विश्वास तथा ऋण रेटिंग के लिए सकारात्मक माना जा सकता है। कर नीति के संदर्भ में यह बजट स्थिरता और सरलता पर आधारित है। आयकर स्लैब में बड़े बदलाव न करके सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि वर्तमान फोकस कर राहत से अधिक कर अनुपालन, प्रशासनिक सुधार तथा वाद-विवाद में कमी पर है। अप्रत्यक्ष करों, विशेषकर वस्तु एवं सेवा कर में बड़े संरचनात्मक परिवर्तन न होना व्यापार एवं पेशेवर वर्ग के लिए निश्चितता और पूर्वानुमेयता प्रदान करता है। बजट में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, विनिर्माण, अवसंरचना तथा डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की रणनीति स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, जिससे औपचारिकीकरण, रोजगार सृजन और दीर्घकालिक कॉरपोरेट लाभप्रदता को समर्थन मिलेगा। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास में निवेश यह दर्शाता है कि सरकार मानव पूंजी और उत्पादकता वृद्धि को आर्थिक विकास का आधार मान रही है। कुल मिलाकर यह बजट लोकलुभावन न होकर एक अनुशासित, सुधारोन्मुख और विकास-केंद्रित बजट है, जो मध्यम एवं दीर्घ अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए अनुकूल माना जा सकता है।

### कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह व विक्रांत भूरिया पहुंचे अमरकंटक



**अमरकंटक।** राष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष एवं झाबुआ विधायक विक्रांत भूरिया तथा पूर्व मंत्री एवं राधौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने अमरकंटक पहुंचकर मां नर्मदा के उद्गम स्थल स्थित नर्मदा मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन किया। अमरकंटक दोनों नेताओं ने मां नर्मदा से देश व प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उल्लेखनीय है कि दोनों नेता पुष्पराजगढ़ में आयोजित विधायक कप खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होने के लिए राजेंद्र ग्राम पहुंचे थे। कार्यक्रम में सम्मिलित होने से पूर्व अमरकंटक पहुंचकर उन्होंने मां नर्मदा के पावन उद्गम स्थल पर आस्था प्रकट की। दर्शन-पूजन के उपरांत पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह ने प्रदेश के समसामयिक राजनीतिक व सामाजिक मुद्दों पर अपनी बात रखी तथा राज्य बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। वहीं राष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने आदिवासियों के विस्थापन से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा कांग्रेस की प्राथमिकता है। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान, पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, पूर्व विधायक उमरिया अजय सिंह, शहडोल जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आजाद बहादुर सिंह, अनूपपुर के पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मानवेंद्र मिश्रा, एनएसयूआई अध्यक्ष रफी अहमद किदवईपार्षदगण, मंडलम अध्यक्ष श्यामलाल सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### संवेदनशीलता, सतर्कता से बोर्ड परीक्षा के दायित्व का कुशल निर्वहन करें-सीईओ



**अनूपपुर।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश द्वारा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में जिले के परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों के दायित्व निर्वहन के संबंध में निर्देश देते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा है।